**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ**

**(तिथि 27 अगस्त 2025, समय 1305 (05 मिनट)**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह त्यौहार बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। भगवान गणेश की पूजा ज्ञान और कल्याण के स्रोत के रूप में की जाती है। राष्ट्रपति ने कहा कि लोग नई शुरुआत और बाधाओं के निवारण के लिए भगवान गणेश का आशीर्वाद लेते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देशवासियों को गणेश चतुर्थी पर शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कामना की कि यह पवित्र अवसर सभी के जीवन को श्रद्धा और आस्था से भरेगा और शुभ संदेश लेकर आएगा। उन्होंने प्रार्थना की कि भगवान गणेश अपने श्रद्धालुओं पर प्रसन्नता, शांति और उत्तम स्वस्थ्य की कृपा बनाए रखेंगे।

********************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री विधानसभा में विपक्ष द्वारा प्रदेश की कानून-व्यवस्था को लेकर लाए गए स्थगन प्रस्ताव पर वक्तव्य दे रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने गत वर्ष मंत्रिमंडल की प्रथम बैठक के बाद ही चेतावनी दी थी कि अपराधी या तो अपने रास्ते बदल लें अन्यथा सरकार उन्हें सुधरने के लिए बाध्य करेगी। किसी भी व्यक्ति की सामाजिक हैसियत या प्रभावशाली पद के बावजूद, यदि वह कानून तोड़ेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा कि उनकी स्पष्ट चेतावनी का ही परिणाम है कि आज हरियाणा में प्रमुख अपराधों की संख्या और दर दोनों में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।

विपक्ष पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की तख्तियां लेकर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में बलात्कार की घटनाएं तीन गुना बढ़ी थी। वर्ष 2004 में ऐसे 386 मामले दर्ज हुए थे, जो 2014 में बढ़कर 1174 तक पहुँच गए।

********************************************************************************

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कल एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को पेट के कीड़े मारने की गोलियां खिलाई गई। यह सिलसिला 2 सितंबर तक जारी रहेगा।
पलवल की सिविल सर्जन डॉ. सतेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि अलबेंडाज़ोल की गोली को लेकर लोगों में कुछ भ्रांतिया हैं जिन्हे दूर किया जा रहा है। इस दवा का कोई विपरीत असर नहीं होता ।

**1- डॉ. सतेंद्र वशिष्ठ-37 सेकंड**

हरियाणा में इस बार 1 से 19 वर्ष के लगभग 99 लाख बच्चों तथा 20 से 24 वर्ष की साढ़े सात लाख गर्भ धारण करने वाली महिलाओं को एलबेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है, जो 2 सितंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

************************************************************************

हरियाणा के पलवल में कल से 31 अगस्त तक पहली बार राष्ट्रीय नेटबॉल चैम्पियनशिप करवाई जाएगी। प्रतियोगिता में 26 राज्यों के खिलाड़ी भाग लेगें।
राष्ट्रीय नेटबॉल विकास समिति एवं हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिओम कौशिक ने आज पलवल में एक पत्रकार वार्ता के दौरान यह जानकारी दी।

************************************************************************